FOR GOD AND COUNTRY

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 3rd Term Test – 2018

Sub: HINDI TEXT Class: 4B F.M: 75

Duration: 2 hrs. Date: 5.11.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :- (1*5=5)

समुचित,मुग्ध,संकेत,आचरण,कुंभ

2) खाली जगह भरो :- (1*5=5)

क) बैलगाड़ी में तरह - तरह के __________ लदे थे |

ख) सच है __________ से सब काम बन जाते हैं |

ग) चारों तरफ न्याय-मंत्री के ____________ की धूम मच गई|

घ) पिथिअस ने दामन की ____________ दे दी |

ड.) हम सब भारत के ______________ हैं |

3) सही और गलत लिखो :- (1*5=5)

क) पेड़ को क्रोध दिखाने से प्रेम मिलता है | (            )

ख) शिशुपाल को सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में बुलाया गया |(            )

ग) नर मोर विशेष सुंदर होता है |(            )

घ) बूढ़े आदमी के चार बेटे थे |(            )

ङ) सम्राट ने शिशुपाल को न्यायमंत्री का पद दिया |(            )

4) जोड़ी मिलाओ:- (1*5=5)

| | | |
|---|---|---|
| क) साँच | | 24 जनवरी 1950 |
| ख) अमृत की खान | | राहगीर |
| ग) राष्ट्रगान के रूप में | | अव्यवस्था |
| घ) व्यवस्था | | गुरु |
| ङ) बटोही | | सत्य |

## (खंड ख)

1) प्रश्न - उत्तर :-

क) शिशुपाल के लिए सबसे कठिन परीक्षा कौन सी थी ? (3)

ख) परदेसी कौन था ?वह क्यों चिढ़ गया ? (3)

ग) बूढ़े और तीनों बेटों के साथ रास्ते में क्या हुआ ? (3)

घ) पेड़ों से क्या-क्या सीखना चाहिए ? (3)

ङ) ईश्वर का स्मरण करने के लिए क्या आवश्यक है ? (3)

2) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो:- (4)

क) चक्र के दाहिनी ओर वृषभ और ______________।

ख) राजा ने मित्रता की ऐसी मिसाल______________।

ग) इस प्रकाश स्तम्भ का कर्मचारी ______________।

घ) तीनों बेटे बोलचाल और ______________।

3) किसने , किससे कहा ? (3)

क) "अब तो तुम बोल का मोल समझ गए होगे ।"

ख) "शायद उसे दया आ जाए और वह कुछ खाने को दे दे ।"

ग) "अवसर मिला तो दिखा दूंगा कि न्याय किसे कहते हैं ।"

4) वाक्य सही करके पुनः लिखो:- (3)

क) किसी ने रात में एक दरबारी की हत्या कर दी ।

ख) दूसरों से मांगते समय कठोर वाणी बोलना चाहिए ।

ग) सच बराबर कोई पाप नहीं ।

## (खंड – ग)

1) बड़े प्रश्न :-

क) कबीर ने गुरु और गोविंद में किसे बड़ा बताया है और क्यों ? (1+3=4)

ख) सबसे छोटे बेटे ने व्यापारी को क्या कहकर बुलाया ? व्यापारी उसे सारा सामान देने को क्यों तैयार हो गया ? (1+4=5)

ग) भारत के राष्ट्रीय पशु के बारे में लिखो। (4)

घ) पाठ के आधार पर शिशुपाल की चारित्रिक विशेषताएँ लिखो । (5)

ङ) राजा दोनों मित्रों से दोस्ती क्यों करना चाहता था ?पिथिअस और दामन ने दरबार में ऊँचा पद लेने से क्यों इंकार किया ? (1+3=4)

2) निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ :- अतिथि , सुप्रबंध, विश्राम ,मुसीबत (4)

3) 'कबीर के दोहे' से आरंभ के दो दोहे लिखो । (4)

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

3rd Term Test – 2018

Sub: HINDI TEXT　　Class: 4B　　F.M: 75

Duration: 2 hrs.　　Date: 5.11.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :- (1*5=5)

उचित , मोहित , इशारा , व्यवहार ,घड़ा

2) खाली जगह भरो :- (1*5=5)

क) पकवान , ख) मीठी बोली , ग) न्याय , घ) जमानत , ड.) नागरिक

3) सही और गलत लिखो :- (1*5=5)

क) सही ख ) गलत ग) सही घ) गलत ड.)सही

4) जोड़ी मिलाओ:- (1*5=5)

| | | |
|---|---|---|
| क) साँच | ग | 24 जनवरी 1950 |
| ख) अमृत की खान | ड. | राहगीर |
| ग) राष्ट्रगान के रूप में | घ | अव्यवस्था |
| घ) व्यवस्था | ख | गुरु |
| ङ) बटोही | क | सत्य |

**(खंड ख)**

1) प्रश्न - उत्तर :-

क) शिशुपाल के लिए सबसे कठिन परीक्षा सम्राट को अपराधी घोषित करना था |एक ओर वह न्याय मंत्री थे और दूसरी ओर सम्राट के सेवक |अतः उन्हें सम्राट को अपराधी साबित करना बहुत मुश्किल था | (3)

ख) परदेसी स्वयं सम्राट अशोक थे |शिशुपाल ने जब कहा कि आजकल बहुत अन्याय हो रहा है , जिसे देखकर उनका खून खौल उठता है , तो परदेसी उनकी बात सुनकर चिढ़ गया | (3)

ग) बूढ़े और तीनों बेटों को लंबी यात्रा में कुछ अधिक समय लग गया | उनके खाने - पीने कि वस्तुएँ और धन भी समाप्त हो गया | वे जल्दी से जल्दी अपने घर पहुंचना चाहते थे | (3)

घ) पेड़ों से परोपकार की भावना सीखनी चाहिए | पेड़ों को पत्थर मारने से भी वे हमें फल - फूल देते हैं |हमें इनसे सहनशीलता जैसा गुण भी सीखना चाहिए | (3)

ङ) ईश्वर का स्मरण करने के लिए हमारा मन उनकी भक्ति में लीन होना चाहिए |हमें संसार के माया - जाल से दूर रहना चाहिए और ईश्वर कि सच्ची भक्ति करनी चाहिए | (3)

2) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो:- (4)

क) <u>बाईं ओर घोडा है</u>|

ख) <u>पहले कभी नहीं देखी थी</u> |

ग) <u>उस बालिका का पिता था</u> |

घ) <u>आचरण में एक सामान न थे</u> |

3) किसने , किससे कहा ? (3)

क) पिता ने अपने तीनो बेटों से कहा |

ख) बूढ़े ने अपने बेटों से कहा |

ग) शिशुपाल ने परदेसी से कहा |

4) वाक्य सही करके पुनः लिखो:- (3)

क) किसी ने रात में एक <u>पहरेदार</u> की हत्या कर दी |

ख) दूसरों से मांगते समय <u>मीठी</u> वाणी बोलना चाहिए |

ग) सच बराबर कोई <u>तप</u> नहीं |

**(खंड – ग)**

1) बड़े प्रश्न :-

क) कबीर ने गुरु और गोविंद में से गुरु को बड़ा बताया है |यदि हमें सच्चा गुरु मिलता है और सही ज्ञान देता है , तो हम उसके बताये हुए मार्ग पर चलकर ईश्वर तक पहुँच सकते हैं | (1+3=4)

ख) सबसे छोटे बेटे ने व्यापारी को प्रिय मित्र कहकर बुलाया | वह उसे सारा सामान देने को तैयार हो गया , क्योंकि उसने सोचा कि लोग मित्र पर तो सबकुछ न्योछावर कर देते हैं |उसे मुसीबत में अपने मित्र की मदद करनी चाहिए | (1+4=5)

ग) भारत का राष्ट्रीय पशु व्याघ्र है |यह अपने आकर्षक रंग , विचित्र आकृति और शक्ति के कारण आदर का पात्र रहा है |इसकी आठ जातियाँ हैं | अब इनकी संख्या 4500 से ऊपर है| (4)

घ) शिशुपाल की चारित्रिक विशेषताएं निम्न हैं :-

- शिशुपाल अतिथि सत्कार करना अपना धर्म मानते थे |
- वे अन्याय व भ्रष्टाचार पसंद नहीं करते थे |
- वे बहुत साहसी थे |
- उन्होंने उचित न्याय करके दिखाया |
- वे अपना कर्त्तव्य पालन करना जानते थे | (5)

ड.) राजा दोनों मित्रों से दोस्ती इसलिए करना चाहता था क्योंकि उसने ऐसी मित्रता पहले कभी नहीं देखी थी |दामन और पिथिअस ने दरबार में ऊँचा पद लेने से इंकार कर दिया क्योंकि उनके अनुसार मित्र ही बने रहना अच्छा है |मित्रता और चाकरी को साथ निभाना कठिन है | (1+3=4)

2) निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ (4)

अतिथि-हमें <u>अतिथि</u> का सत्कार करना चाहिए |

सुप्रबंध-मेरी बहन ने शादी में बहुत अच्छा <u>सुप्रबंध</u> किया |

विश्राम-बुढ़ापे में अधिक <u>विश्राम</u> करना चाहिए |

मुसीबत - <u>मुसीबत</u> के समय बुद्धिमानी से काम करना चाहिए|

3) 'कबीर के दोहे' से आरंभ के दो दोहे लिखो | (4)

क) गुरु गोबिंद दोऊ खड़े , काके लागूँ पाय |
बलिहारी गुरु आपने , गोबिंद दियो मिलाय ||

ख) गुरु कुम्हार सिष कुंभ है, गढ़ि - गढ़ि काढै खोट |
अंतर हाथ सहार दे ,बहार बाहै चोट ||